आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



SATYA SPORTS
We are deals in professional carrom board and sports goods wood.
Add.- Plot no.11, Sector- 6/1, Shatabdi Nagar, Meerut (U.P.)
Owner - Ujjwal Pal Kalanjari
9927178000, 8193933555

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल मो. : 9358430959 Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 7 मेरठ, गुरुवार 19 फरवरी, 2026 Website:- harikamaldarpan.com कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

## हत्या के प्रकरण में बघेल समाज ने धौलपुर में किया विरोध प्रदर्शन

**धौलपुर।** अखिल भारतीय पाल बघेल समाज ने हत्या के मामले में कोई कार्रवाई न होने पर विरोध दर्ज कराते हुए जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के समय पूर्व राज्यमंत्री जगमोहन बघेल व सैंपऊ प्रधान दुष्यंत बघेल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि राजाखेड़ा के ग्राम दलेल का पुरा में गत जुलाई में हुई सतीश कुमार की हत्या के मामले में अब तक कोई ठोस निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में बताया गया कि 7 माह बीत जाने के बावजूद अब तक जो भी जांच रिपोर्ट सामने आई है, वे संदिग्ध एवं पक्षपातपूर्ण प्रतीत होती है। जांच की दिशा और कार्यप्रणाली पर गंभीर



प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं तथा आरोपियों को संरक्षण दिए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है, जिसमें पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा और आमजन का कानून व्यवस्था से विश्वास लगातार कमजोर हो रहा है। इस दौरान समाज के लोगों ने मांग करते हुए कहा कि प्रकरण की तत्काल उच्चस्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच सीबीआई अथवा विशेष जांच दल से कराई जाए। अब तक की जांच की समीक्षा हो, दोषी पुलिस अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। बघेल समाज ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र पारदर्शी एवं न्यायोचित कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई तो जिले में व्यापक, लोकतांत्रिक एवं तीव्र जनांदोलन किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में सुरेश बघेल, रामवीर बघेल, भूपसिंह सरपंच, संजय बघेल, बाचाराम बघेल, हुकुम सिंह, रामवीर बघेल, कालीचरण, मायाराम, राजवीर बघेल, सतेन्द्र बघेल, करतार बघेल, हीरा सिंह, विशम्भर बघेल, मुकेश बघेल, संतोष बघेल, अमरीश आदि मौजूद रहे। **-अनुराग बघेल**

## ओबीसी कटऑफ विवाद में लोक सेवा आयोग से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) के पदों पर भर्ती 2023 के लिए हुई प्रारंभिक परीक्षा में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के मुद्दे उठाने वाली याचिका को पहले से विचाराधीन अन्य याचिका के साथ संबद्ध करके सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। पहले, विवेक यादव व अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर हाईकोर्ट ने उप्र लोकसेवा आयोग को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया था। अब इस नई याचिका पर भी कोर्ट ने पक्षकारों को अपने जवाब और इसके प्रति उत्तर दाखिल करने का समय दिया है। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने 13 फरवरी को यह आदेश विजय कुमार सोनी व 23 अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर दिया। याचियों के अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया पाल ने कहा कि प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में ओबीसी अभ्यर्थियों का कट ऑफ, सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों से



अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया पाल

अधिक होने के बावजूद, ऐसे ओबीसी अभ्यर्थियों को प्री परीक्षा में फेल कर दिया गया। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि इस तरह आयोग ने प्री परीक्षा में ओबीसी आरक्षण में कथित अनियमितता करके ओबीसी सीटों को सामान्य वर्ग में समायोजित किया, जो कानून की मंशा के खिलाफ था। इसके खिलाफ अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल कर प्री परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची का पुनः निर्धारण करके मुख्य परीक्षा कराए जाने का आग्रह किया है। **-ब्यूरो**

## पूर्व विधायक राजकुमार पाल सहित अनेक नेता सपा में शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर समाजवादी पार्टी (सपा) ने एक साथ दो बड़े मोहरों को अपने पाले में कर लिया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी और अपना दल (एस) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल सहित अनेक नेताओं ने आधिकारिक तौर पर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। राजधानी लखनऊ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान सपा नेतृत्व ने दोनों नेताओं का स्वागत किया और इसे 'विचारधारा का संगम' करार दिया। राजकुमार पाल के सपा में आने से पूर्वांचल में ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) राजनीति के समीकरण बदलने की उम्मीद है। विश्लेषकों का मानना है कि इन दो कद्दावर चेहरों के जुड़ने से अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को



जमीन पर और अधिक मजबूती मिलेगी। समाजवादी पार्टी इस घटनाक्रम को महज दल-बदल नहीं, बल्कि संगठन के विस्तार के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में लोग सपा को ही एकमात्र विकल्प मान रहे हैं। नसीमुद्दीन और राजकुमार पाल के आने से न केवल पश्चिमी यूपी बल्कि पूर्वांचल की कई सीटों पर चुनावी गणित सपा के पक्ष में झुक सकता है। **-ब्यूरो**

## धनगर समाज की ऐतिहासिक जीत : हाईकोर्ट का बड़ा आदेश!

**मथुरा।** धनगर समाज के अधिकारों की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक सफलता मिली है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ है कि शासन द्वारा जारी धनगर समाज के जाति प्रमाण पत्र की अंग्रेजी प्रति उपलब्ध कराना भी शासन की जिम्मेदारी है। यह फैसला धनगर समाज के व्यक्तियों और युवाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार तिवारी की सशक्त पैरवी और राष्ट्रीय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर के अथक प्रयासों का बड़ा योगदान है। उन्होंने न केवल कानूनी लड़ाई को मजबूती दी, बल्कि समाज की पीड़ा और अधिकारों को न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। यह निर्णय केवल एक आदेश नहीं बल्कि अधिकार और भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है। **-ब्यूरो**




हरिकमल दर्पण

### होली विशेषांक हेतु रचनाएँ आमंत्रित



आगामी 26 फरवरी 2026 को 'हरिकमल दर्पण' का होली विशेषांक प्रकाशित किया जाएगा। विशेषांक हेतु सभी पाठकों से रचनाएँ आमंत्रित हैं। आप अपने लेख, कविताएँ, सन्देश एवं शुभकामनाएँ निःशुल्क प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। विशेषांक में आप अपने संस्थान/संगठन/प्रतिष्ठान का अथवा व्यक्तिगत रूप से विज्ञापन भी प्रकाशित करा सकते हैं।

विशेषांक हेतु अपनी रचनाएँ अथवा विज्ञापन का डिजाइन व्हाट्सअप नम्बर 9358430959 अथवा ई-मेल niranjanpal10021963@gmail.com पर 22 फरवरी 2026 तक भेज दें।

**विज्ञापन की धनराशि हमारे भारतीय स्टेट बैंक के अकाउन्ट नं0 10493870240 में 'हरिकमल दर्पण' के नाम से जमा करा सकते हैं (IFSC Code : SBIN0002321)। फार्म के साथ रुपये जमा करने की रसीद की फोटो व्हाट्सअप नम्बर 9358430959 पर भेजें। इसी मोबाइल नम्बर पर 'फोन पे' की सुविधा भी उपलब्ध है।**
-सम्पादक

## डॉ. नीलम पाल का बीएचयू में वरिष्ठ रेजिडेंट के पद पर चयन

**वाराणसी।** कपसेठी गांव निवासी डॉ. नीलम पाल का बीएचयू के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग में वरिष्ठ रेजिडेंट के पद पर चयन हुआ है। अभी तक एमबीबीएस करने के बाद वे निजी प्रैक्टिस करती थीं।



उनके इस चयन पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। एक मुलाकात में डॉ. नीलम पाल ने कहा कि चयन से क्षेत्र व समाज की महिलाओं की सेवा करने का अवसर मिला है। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से डॉ. नीलम पाल को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**


कृष्ण पाल


वीरेन्द्र कुमार पाल


गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेड़ा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## समाज का सच्चा हितैषी कौन?



*15 फरवरी को समाजवादी पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय पर आयोजित एक समारोह में सैकड़ों लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की, इनमें पूर्व विधायक राजकुमार पाल सहित हमारे समाज के अनेक नेता भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि राजकुमार पाल इससे पूर्व अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं लेकिन किन्हीं कारणों से उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, उसके बाद से उनके विभिन्न दलों में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन अंततः उन्होंने सपा में शामिल होना ही ज्यादा बेहतर समझा। वैसे, उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब मुख्यतः दो ही दल सत्ता की दावेदारी के लिए प्रयासरत माने जाते हैं जिनमें भारतीय जनता पार्टी के बाद समाजवादी पार्टी का ही नाम आता है। समय के साथ अन्य सभी दल हाशिये पर चले गए हैं। अगले वर्ष उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में इन्हीं दो दलों के बीच सत्ता का संघर्ष होने की प्रबल संभावना है। जहां तक पाल-बघेल-गडरिया समाज की बात है तो इस समाज के नेता लगभग सभी दलों में सक्रिय हैं, उत्तर प्रदेश में चूँकि भाजपा सत्ताधारी दल है इसलिए समाज के अधिकांश लोगों का झुकाव भाजपा की ही तरफ है। लेकिन हाल के कुछ घटनाक्रमों से पाल समाज का भाजपा से मोहभंग हुआ है और स्वाभाविक तौर पर अब वे सपा के पाले में ही जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हमारे समाज की कई राजनीतिक पार्टियां भी उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं जिनमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय समाज पक्ष, राष्ट्र उदय पार्टी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, सर्वोदय क्रांति पार्टी आदि के नाम लिए जा सकते हैं, लेकिन इनमें से कोई भी पार्टी अभी तक अपना संगठन इस स्तर तक नहीं खड़ा कर सकी है कि वह सत्ता की दौड़ में शामिल मानी जा सके। राष्ट्रीय समाज पक्ष के संस्थापक अध्यक्ष महादेव जानकर ने पिछले कुछ समय में अपनी पार्टी की उत्तर प्रदेश में जड़ें मजबूत करने के लिए काफी प्रयास किए थे और कुछ हद तक उन्हें सफलता भी मिली थी लेकिन सही नेतृत्व के अभाव में रासपा का संगठन ज्यादा मजबूत नहीं हो पाया। यदि महादेव जानकर को उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत बनाना है तो उन्हें ठोस रणनीति बनाकर कार्य करना होगा।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

## ठगी का पावर गेम : समझो सभ्यता की इस उलटी कहानी को!

मुद्दा ये होना ही नहीं चाहिए कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं। असल मुद्दा तो ये होना चाहिए कि शंकराचार्य होना ही क्यों चाहिए? एक आम आदमी अपनी मेहनत की रोटी बिना किसी मठ या गद्दी के भी खा सकता है। सवाल सीधा और तीखा है–शंकराचार्य से किसान को क्या फायदा है? क्या कोई शंकराचार्य किसान के सूखे खेत में बारिश करवा सकता है? क्या कोई मौलवी या पादरी अपनी दुआओं से सरहद पर गोलियां रुकवा सकता है? अगर नहीं, तो फिर देश के लिए इनका योगदान क्या है? इसी हकीकत को बयां करती ये पंक्तियाँ गौर करने वाली हैं : *खेतों में जो हल चलाए, वो तो बस 'किसान' है, मठों में जो हुक्म चलाए, वो कहता 'भगवान' है। उसकी फसल को ओले मारें, इसकी मौज निराली है, किसान की झोली खाली, इसकी तिजोरी सोने वाली है। कोई चोगा पहन के बैठा, कोई पहने है भगवा, कोई चूमता हाथ है, कोई फैला रहा है अफवा। जन्नत का ये नक्शा बेचें, स्वर्ग का ये पास दें, खुद एसी में सोते हैं, और तुमको बस उपवास दें! न ये बारिश ला सकते हैं, न ये युद्ध रुकवाएंगे, पर सियासत की मेजों पर, ये सबसे पहले आएंगे। पसीने की खुशबू को इन्होंने 'मलीद' बताया है, ठगी को ही इन सबने 'विश्व-गुरु' का नाम दिया है।*

**ईश्वर के ये स्वयंभू प्रतिनिधि :**

दुनिया के तमाम पंडित, पुरोहित, पादरी, पोप, लामा और मौलवी जो खुद को ईश्वर का एजेंट होने का दावा करते हैं, वे दरअसल एक संगठित दुकान चला रहे हैं। ये अनाज नहीं उगाते, ये 'परजीवी' हैं, जो बिना कुछ किए-धरे उस भव्यता और शान-शौकत में रहते हैं जो कभी राजा-महाराजाओं के महलों में हुआ करती थी। सत्ता इनके चरणों में पड़ी रहती है क्योंकि इन्हें 'भीड़' का इस्तेमाल करना आता है।

**वैध ठगी का 'रिस्क-फ्री' व्यापार :**

या तो पृथ्वी पर हर इंसान ईश्वर का प्रतिनिधि है, या फिर कोई नहीं! भारत में धर्मगुरुओं के व्यवसाय जैसा और कोई व्यवसाय नहीं। आलीशान भवन, विदेश यात्राएं और सत्ता का संरक्षण–इनके किलों और डेरों में वही ऐय्याशी है जो कभी सामंतों के पास थी।

ये कभी आत्महत्या नहीं करते... जानते हैं क्यों? क्योंकि इनकी फसल पर कभी ओले नहीं पड़ते। इन्हें रात के अंधेरे में ठिठुरते हुए गेहूं में पानी नहीं लगाना पड़ता। इन्हें परिश्रम करने की जरूरत नहीं, क्योंकि इन्हें 'वैध ठगी' की कला आती है। यह वर्ग मेहनत-मजदूरी से हमेशा कटा रहा, जबकि कृषक वर्ग कठोर परिश्रम करते हुए भी कर्ज के दलदल में धंसता गया।

**सभ्यता की सबसे बड़ी विडंबना :**

हमारी सभ्यता की कहानी बस इतनी ही है कि जो 'श्रमहीन और अनुत्पादक' था, वह श्रेष्ठ और पूज्य होता चला गया, और जो 'श्रेष्ठ श्रमशील किसान' था, वह हीन और दरिद्र होकर समाज के सबसे निचले पायदान पर पहुँच गया। यही है विश्व-गुरु बनने की असली दास्तान। समझो ठगी के इस पावर गेम को!



**-राजेश कुमार पाल,** इंदौर
बीमा वाला एवं सामाजिक चिंतक
मो. 9424831940

# यूजीसी से असहज क्यों हैं समानता के पैरोकार?

शिक्षा और समाज में बराबरी की बात करना आज के बौद्धिक विमर्श का सबसे सुरक्षित और लोकप्रिय दावा बन चुका है। हर मंच पर समान अवसर, सामाजिक न्याय और समावेशी शिक्षा की दुहाई दी जाती है। लेकिन जैसे ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) गुणवत्ता, पारदर्शिता और एकरूप मानकों की बात करता है, वैसे ही यही समानता के पैरोकार असहज और विचलित दिखाई देने लगते हैं। यह विरोधाभास केवल विचारों का नहीं, बल्कि नीयत और व्यवहार के टकराव का परिणाम है। यूजीसी का दायित्व उच्च शिक्षा में न्यूनतम मानक तय करना और उन्हें लागू कराना है। शिक्षक नियुक्ति हो, शोध की गुणवत्ता हो या संस्थानों की मान्यता, यूजीसी का हस्तक्षेप मूलतः शिक्षा को अधिक समान, जवाबदेह और भरोसेमंद बनाने के लिए होता है। लेकिन वर्षों से चली आ रही ढील, मनमानी और सुविधा आधारित व्यवस्था में पले-बढ़े तंत्र के लिए यह सख्ती असहनीय लगती है। बराबरी की बात करने वाले दरअसल नियमों की बराबरी से घबराते हैं। यह भी सच है कि उच्च शिक्षा का एक बड़ा हिस्सा लंबे समय तक प्रभाव, पहचान और संपर्कों के सहारे चलता रहा। नियुक्तियों में पारदर्शिता का अभाव, शोध में औपचारिकता और संस्थानों की स्वायत्तता के नाम पर अनियंत्रित छूट, इन सबने कुछ खास वर्गों को लाभ पहुंचाया। यूजीसी जब इन पर लगाम कसता है, तो वही वर्ग इसे शिक्षा पर हमला बताने लगता है। असल चिंता शिक्षा की नहीं, अपने विशेषाधिकारों की होती है। विडंबना यह है कि समाज में बराबरी की वकालत करने वाले कई लोग शिक्षा में वास्तविक समानता के विरोधी बन जाते हैं। यदि सभी के लिए एक जैसे मापदंड हों, यदि योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन हो, तो स्थापित ढांचे की असमानताएं उजागर हो जाती हैं। यही वजह है कि सुधारों को भी संदेह और भय की दृष्टि से देखा जाता है। राजनीतिक और वैचारिक ध्रुवीकरण ने इस बेचैनी को और हवा दी है। यूजीसी के हर कदम को किसी न किसी एजेंडे से जोड़ दिया जाता है, जबकि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में सबसे जरूरी है निरपेक्षता और दीर्घकालिक सोच। नारेबाजी में गुणवत्ता और समान अवसर जैसे मूल प्रश्न पीछे छूट जाते हैं। यदि सचमुच शिक्षा और समाज में बराबरी स्थापित करनी है, तो नियामक संस्थाओं को कमजोर करने की बजाय उन्हें अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना होगा। आलोचना आवश्यक है, पर सुधार के उद्देश्य से। जब तक समानता केवल भाषणों में और विशेषाधिकार व्यवहार में रहेंगे, तब तक यह सवाल बना रहेगा, कि बराबरी की दुहाई देने वाले यूजीसी पर आखिर विचलित क्यों हो जाते हैं।



**-वीरेंद्र पाल 'नवतेज'**
मो. 6394421748

# यूजीसी बिल : समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की संवैधानिक ढाल!

भारत का संविधान सामाजिक न्याय, समानता और मानव गरिमा के सिद्धांतों पर आधारित है। सदियों से सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से वंचित रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि संवैधानिक कर्तव्य भी है। उच्च शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार होती है। यदि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में समान अवसर, सम्मान और भेदभाव-मुक्त वातावरण सुनिश्चित नहीं होगा, तो संविधान की मूल भावना अधूरी रह जाएगी। इसी दृष्टिकोण से प्रस्तावित यूजीसी बिल उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक न्याय को संस्थागत रूप देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। भारतीय संविधान स्पष्ट रूप से सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है। अनुच्छेद 15(4) एवं 15(5) सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधानों की अनुमति देता है। अनुच्छेद 16(4) अवसरों में आरक्षण का प्रावधान करता है। अनुच्छेद 21 गरिमा के साथ जीवन का अधिकार सुनिश्चित करता है। अनुच्छेद 46 राज्य को निर्देश देता है कि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा कमजोर वर्गों के शैक्षिक एवं आर्थिक हितों की विशेष सुरक्षा करे। अतः उच्च शिक्षा में कमजोर वर्गों की सुरक्षा हेतु सशक्त तंत्र की स्थापना किसी प्रकार का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि संविधान की भावना का पालन है। यूजीसी बिल के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को अनेक लाभ प्राप्त हो सकते हैं। संस्थागत शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से छात्रों को न्याय प्राप्त करने का औपचारिक और सुरक्षित माध्यम मिलेगा। शिक्षा का वातावरण अधिक सम्मानजनक और सुरक्षित बनेगा। छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा वे भयमुक्त होकर अध्ययन कर सकेंगे। विश्वविद्यालयों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी और सामाजिक समरसता को बल मिलेगा। समानता का अर्थ केवल सभी के साथ एक-सा व्यवहार करना नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से वंचित वर्गों को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक अवसर और संरक्षण प्रदान करना ही वास्तविक समानता है। यही सकारात्मक समानता का संवैधानिक सिद्धांत है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने भी विभिन्न निर्णयों में स्वीकार किया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक विधेयक की समीक्षा और संतुलन आवश्यक है। यदि किसी प्रावधान में अस्पष्टता हो, तो उसे पारदर्शी और दुरुपयोग-रोधी बनाया जाना चाहिए। परंतु यह निर्विवाद सत्य है कि कमजोर वर्गों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। समाज के कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सामाजिक उन्नति का मार्ग है। यदि यूजीसी बिल को संवैधानिक मर्यादाओं और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है, तो यह कमजोर वर्गों के लिए एक सशक्त सुरक्षा कवच सिद्ध हो सकता है। शिक्षा में सम्मान, समानता और सुरक्षा...यही संविधान की पहचान।



**-सुनील कुमार पाल**
जिलाध्यक्ष, अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा, मुजफ्फरनगर
मो. 9870777096

# विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति एकजुट हो!

मध्य प्रदेश में निवासरत विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति वर्ग की अधिकांश जातियां आज भी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ेपन का सामना कर रही हैं। वर्षों से यह वर्ग मुख्यधारा के विकास से वंचित रहा है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इन समाजों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। अनेक बार कल्याण की बातें तो होती हैं, परंतु वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाता। ऐसी परिस्थितियों में समय की मांग है कि यह पूरा वर्ग संगठित होकर अपने अधिकारों और सम्मान के लिए एकजुट हो। इसी उद्देश्य को लेकर वर्ष 2023 में 'विमुक्त एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति महासंघ' का गठन किया गया। इस संगठन के संस्थापक सदस्य ज्ञानसिंह, जी.एस., मधुसूदन एवं राजूसिंह हैं, जिन्होंने समाज को संगठित करने का संकल्प लेकर यह पहल प्रारंभ की। आज महासंघ मध्य प्रदेश की 51 जातियों को एक मंच पर लाने का कार्य कर रहा है। संगठन का विस्तार प्रदेश के 55 जिलों में है, साथ ही अन्य राज्यों में भी इसके पदाधिकारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। यह केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज के आत्मसम्मान, अधिकार और विकास का अभियान है। महासंघ मध्य प्रदेश में चार प्रमुख शाखाओं के माध्यम से कार्य कर रहा है– 1. कोर कमेटी, 2. युवा शक्ति शाखा, 3. नारी शक्ति शाखा, 4. विद्यार्थी शक्ति शाखा। प्रत्येक जिले में इन चारों शाखाओं की अपनी-अपनी टीम कार्यरत है, जो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का दायित्व निभा रही हैं। संगठन के माध्यम से अनेक जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है। प्रतिदिन किसी न किसी रूप में समाज के व्यक्तियों की सहायता की जा रही है–चाहे वह दस्तावेज संबंधी मार्गदर्शन हो, छात्रवृत्ति की जानकारी, रोजगार के अवसर या अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास। फिर भी, जब तक यह पूरा वर्ग व्यापक स्तर पर एकजुट नहीं होगा, तब तक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण संभव नहीं है। यदि समाज संगठित नहीं होगा, तो वह केवल वोट बैंक के रूप में उपयोग होता रहेगा। कल्याण की घोषणाएं होंगी, लेकिन वास्तविक कल्याण अधूरा ही रहेगा। आज आवश्यकता है जागरूकता, संगठन और सहभागिता की। प्रत्येक समाज बंधु, युवा, महिला और विद्यार्थी को आगे आकर इस महासंघ से जुड़ना चाहिए, ताकि आने वाले समय में हमारा समाज अपनी मजबूत राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कर सके और विकास की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक स्थान प्राप्त कर सके। एकजुटता ही शक्ति है। जब 51 जातियां एक मंच पर संगठित होंगी, तब परिवर्तन अवश्य संभव होगा। यह केवल संगठन से जुड़ने का आह्वान नहीं, बल्कि अपने भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने का संकल्प है। आइए, हम सब मिलकर अपने अधिकार, सम्मान और विकास के लिए एकजुट हों। तभी इस वर्ग का वास्तविक कल्याण सुनिश्चित हो सकेगा।



**—पटेल मधुसूदन धनगर**
राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यालय प्रभारी
विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति महासंघ
मो. 9826536032

# समाज के सभी वर्गों के हित में है यूजीसी कानून : विजय सिंह पाल




**हरिद्वार।** अखिल भारतीय ओबीसी वर्ग संयुक्त मंच के संयोजक विजय सिंह पाल ने यूजीसी कानून को समाज के सभी वर्गों के हित में बताया है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान विजय सिंह पाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों का उत्पीड़न रोकने के लिए 1956 में पहली बार यूजीसी कानून लागू किया गया था। लेकिन तब इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। 2012 में उत्पीड़न के चलते रोहित वेमुला की आत्महत्या के बाद विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में उत्पीड़न की घटनाओं की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया और सिफारिशें लागू की गयीं लेकिन किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की गयी जिससे उत्पीड़न की घटनाएं लगातार सामने आती रहीं, जिनकी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार ने जांच और कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी तय करते हुए यूजीसी कानून बनाया और 13 जनवरी 2026 को इसे लागू किया गया। विजय सिंह पाल ने कहा कि कुछ लोग कानून का अध्ययन किए बिना ही इसका विरोध कर रहे हैं जबकि केंद्र सरकार ने समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए सामाजिक न्याय की अवधारणा पर समावेशी कानून लागू किया है। कानून में रंग, भाषा, क्षेत्रीयता के आधार पर भेदभाव करने पर भी कार्रवाई का प्रावधान किया गया। महिलाओं, दिव्यांगों, ईडब्लयूएस को भी कानून का लाभ मिलेगा। विवि और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के उत्पीड़न पर रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि कानून के समर्थन में राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भी भेजा गया है। इस दौरान धर्मपाल ठेकेदार व सुनील प्रजापति ने भी विचार रखे। -ब्यूरो

# धनगर समाज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे : बृजपाल



**बिजनौर।** धनगर समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजपाल सिंह धनगर ने धनगर समाज के लोगों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया है। श्री धनगर ने कहा कि धनगर समाज अपने बच्चों को शिक्षा दिलाए व राजनीतिक अधिकारों को प्राप्त करे। श्री धनगर ने कहा कि अधिकार तलवार के बल से नहीं वोट के बल पर छीने जाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि आज देश में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। नारी शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है। महिलाओं ने बच्चों को शिक्षा दिलाने में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आज देश की राष्ट्रपति भी महिला है। उन्होंने युवाओं से कहा कि समाज में अपने अधिकारों के प्रति संघर्षशील बनकर समाज का नाम रोशन करें। श्री धनगर ने धनगर जाति प्रमाण पत्र के लिए आगामी 9 मार्च को युवाओं, माता और बहनों से लखनऊ पहुंचने की अपील की। वे ग्राम कोपा में धनगर समाज की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कई गांवों का दौरा कर 9 मार्च को लखनऊ के दारुलसफा बड़ा हाल में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि धनगर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर के नेतृत्व में एक बहुत बड़ा प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। उक्त बैठक में इस पर चर्चा होगी और धनगर विरोधी शक्तियों के खिलाफ एक मोर्चा खोला जाएगा। उत्तर प्रदेश के अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों को भी रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं। लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक मुख्यमंत्री के शासनादेशों को रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं जिससे धनगर समाज के युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। -ब्यूरो

# सीतापुर में हुई पुरानी परंपराओं से हटकर श्रद्धांजलि सभा



**सीतापुर।** ब्लाक सिधौली की ग्राम पंचायत बहरीमऊ के गांव हसनापुर में 6 फरवरी को विश्वनाथ प्रसाद रावत (यू.पी.पी) की 68 साल की उम्र में मृत्यु हो गई थी। उनके भाई ज्ञान प्रकाश रावत पी.ए.सी. दरोगा, श्रीपाल रावत, बाबूराम रावत, राकेश रावत तथा उनकी पत्नी श्रीमती कमला देवी रावत और पुत्र तेज बहादुर रावत, चंद्र प्रकाश रावत, भान प्रताप रावत, महेंद्र प्रताप रावत, डेविड व श्याम और तीनों बेटियों ने उपस्थित समाज के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि आज हमारे सबसे प्रिय और पूज्यनीय पिता इस दुनिया को अलविदा कर गए और हम उनकी अंतिम यात्रा, अंतिम संस्कार पुरानी रूढ़ियाँ, पुरानी परंपराओं से हटकर के कुछ नया करेंगे। उन्होंने नए तरीके से महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करते हुए उनका अंतिम संस्कार किया तथा 14 फरवरी को श्रद्धांजलि सभा (शोक सभा) का आयोजन किया जिसमें उनका पूरा परिवार, सभी बहनें, रिश्तेदार और ईष्ट-मित्र उपस्थित रहे। तथागत गौतम बुद्ध, बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और उनके साथ में अपने पिताजी की तस्वीर रखकर बौद्ध भिक्षु आनंद प्रिय नि.ग्राम ठिठुरा, भंते संघानंद नि.ग्राम सोनारी और भंते देवानंद नि.ग्राम मऊ द्वारा बुद्ध वंदना, धम्म वंदन और संघ वंदना के द्वारा शांति पाठ किया गया। स्मृति शेष विश्वनाथ प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और उसके साथ-साथ सभी लोगों को प्रतिज्ञा दिलाई गई कि आज से हम किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। समाज के समक्ष यह संकल्प लिया गया कि आज से हम गांजा, भांग, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा और शराब आदि का सेवन नहीं करेंगे और अपने सगे संबंधी, इष्ट मित्रों को भी नहीं करने देंगे तथा अपनी अर्जित आय को अपने बच्चों की शिक्षा में खर्च करेंगे। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्मृतिशेष विश्वनाथ प्रसाद रावत के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन राम सागर धनगर 'परिवर्तन' के द्वारा किया गया। -ब्यूरो

## डी.वाई. पाटील यूनिवर्सिटी से एम.डी. बने डॉ. अजय रामकुमार पाल



**मुंबई।** मलाड क्षेत्र के होनहार युवा डॉ. अजय रामकुमार पाल ने देश की प्रतिष्ठित डी.वाई. पाटील यूनिवर्सिटी से एनेस्थीसियोलॉजी में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल कर परिवार और समाज का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. अजय पाल ने पेरिऑपरेटिव केयर, पेन मेनेजमेंट एवं क्रिटिकल केयर जैसे महत्वपूर्ण चिकित्सा क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त की है। वार्षिक दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की उपाध्यक्ष एवं प्रो-चांसलर डॉ. शिवानी वी. पाटिल के करकमलों से उन्हें डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह के दौरान डॉ. अजय पाल का डिग्री ग्रहण करते हुए दृश्य पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण रहा। उनकी इस उपलब्धि से समस्त जनमानस, शुभचिंतकों और मित्रों में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि डॉ. अजय पाल के पिता रामकुमार पाल 'समाज रत्न' के रूप में विख्यात एवं एक सक्रिय समाजसेवी हैं। सामाजिक सेवा और जनहित के कार्यों में उनकी निरंतर सक्रियता क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत रही है। डॉ. अजय पाल की यह सफलता न केवल उनके परिवार की, बल्कि पूरे समाज की उपलब्धि मानी जा रही है। हरिकमल परिवार की ओर से डॉ. अजय रामकुमार पाल को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं। -अनुराग पाल

## टिकरापारा में अहिल्याबाई की प्रतिमा स्थापना का कार्य प्रगति पर



**रायपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापना हेतु निर्माण कार्य अमृत चौक टिकरापारा में प्रगति पर है। भारत की महान वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा स्थापना हेतु विगत दिनों विधायक सुनील सोनी द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ था। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज छत्तीसगढ़ ने बताया कि उक्त कार्यक्रम जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गडरिया ढेंगर समाज रायपुर कपूर चंद्र धनगर, अभिमन्यु धनगर (मन्नू) प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रायपुर एवं वार्ड पार्षद प्रमोद साहू की सक्रियता से प्रारंभ हो चुका है। -ब्यूरो

# सूरज बघेल की पोती ने कांस्य पदक हासिल किया



**गुरुग्राम।** समाजसेवी सूरज बघेल की होनहार पोती ने हरियाणा कराटे टूर्नामेंट में भाग लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा कांस्य पदक हासिल किया। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज और क्षेत्र के लिए भी गौरव की बात है। उनकी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने यह सिद्ध कर दिया कि बेटियाँ किसी से कम नहीं होतीं। इस शानदार उपलब्धि के लिए सूरज बघेल एवं उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। -श्याम शंकर पाल

# दर्शन सिंह धनगर राष्ट्रीय सचिव बने



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास गोंड द्वारा मुजफ्फरनगर निवासी दर्शन सिंह धनगर को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर दर्शन सिंह धनगर के समर्थकों में हर्ष की लहर है। दर्शन सिंह धनगर ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा पीडीए के अधिकारों, हिस्सेदारी तथा संविधान, आरक्षण बचाने के आंदोलन को वह लगातार आगे बढ़ाने का काम करेंगे। -ब्यूरो

## प्रभात मिश्र का छत्तीसगढ़ गडरिया ढेंगर समाज ने किया सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रभात मिश्र का गडरिया ढेंगर समाज ने सम्मान किया। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज छत्तीसगढ़ ने बताया कि जिला परिक्षेत्र रायपुर अध्यक्ष कपूर चंद्र धनगर के नेतृत्व में छोटेलाल धनगर, गणेश पाल, अभिमन्यु धनगर (प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ), कामेश्वर धनगर एवं सामाजिक जनों द्वारा उनका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का छायाचित्र, मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। -ब्यूरो

## विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजाति महासंघ की टीम का विस्तार



**ग्वालियर।** डबरा में विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजाति महासंघ की ग्रामीण जिले की टीम का विस्तार हुआ जिसमें वरिष्ठ सलाहकार एडवोकेट श्रीलाल बघेल, वरिष्ठ विधि सलाहकार एडवोकेट प्रीतम सिंह बघेल, बघेल छात्रावास के अध्यक्ष भगवानलाल बघेल, सलाहकार ग्वालियर ग्रामीण से कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह बघेल, युवा जिला अध्यक्ष पवन पाल, डबरा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिंह बघेल शिक्षक को विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजाति महासंघ के प्रदेश महासचिव मेजर मानसिंह बघेल सूबेदार, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बघेल एवं ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सोबरन सिंह बघेल द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए। सेवढ़ा से समाजसेवी रिशपाल सिंह बघेल, बादाम सिंह बघेल, सकतपुरा धाम के अध्यक्ष सोबरन सिंह बघेल, श्याबर माता समिति के अध्यक्ष सेवाराम बघेल, रमेश बघेल, मुलायम सिंह बघेल, महेश बघेल डबरा, धर्मेंद्र बघेल व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। -अमोलक सिंह बघेल

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर स्मृति में गीता ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन





**तखतपुर।** महाशिवरात्रि पर श्रीराम सदन सांस्कृतिक भवन के पास 15 फरवरी को दोपहर 3 से संध्या 7 बजे तक अध्यात्म विज्ञानशाला ओंकारेश्वर के उपदेशकों द्वारा गीता ज्ञान संगोष्ठी में सत्संग संपन्न हुआ। ज्ञान गोष्ठी का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, भगवान महाकाल, श्रीराम का पूजन अर्चन कर किया गया। अध्यात्म विज्ञान ओंकारेश्वर मध्य प्रदेश से तुलसीराम कर्मयोगी, संतराम द्वारा ज्ञान योग, डॉक्टर गोपाल सिंह द्वारा भक्ति सेवा योग पर भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप विश्वरूप परमात्मा का प्रत्यक्षीकरण पर विशेष रूप से ज्ञान प्रकाशित किया गया। इस अवसर पर सर्वांग योग का पाठ भी किया गया। आमंत्रित उपदेशकों का स्वागत लखन लाल धनकर, मोहित राम पाली, नारायण प्रसाद पाली, राम बहारिक पाली, प्रज्ञा नारायण पाली, चंद्रेश साहू, दिलीप सिंह क्षत्रिय अधिवक्ता, दिनेश दुबे साहित्यकार द्वारा किया गया। नारायण प्रसाद पाली द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के सुशासन, गौ सेवा, धर्मशाला, चारों धाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं हजारों मंदिरों का पुनर्निर्माण, उद्यान वाटिका, सड़क, नारी उत्थान, उद्योग, कला, संस्कृति सभी कार्यों को विश्व रूप परमात्मा की सेवा मानकर किए जाने की जानकारी जनसमुदाय के समक्ष प्रस्तुत की गई। छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित साहित्यकार पंडित दिनेश कुमार दुबे द्वारा भगवान महाकाल व लोकमाता के सम्मान में कविता प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर राजकमल कश्यप, उग्रसेन सिंह ठाकुर, भागवत साहू, राजाराम विश्वकर्मा, कौशल रजक, मूलचंद कौशिक सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। विदाई के अवसर पर ओंकारेश्वर से पधारे तुलसीराम, संत राम, डॉक्टर गोपाल सिंह क्षत्रिय का सम्मान लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का छायाचित्र व श्रीफल भेंटकर किया गया। -ब्यूरो

# एक-दूसरे को समझें और उनके छोटे-बड़े प्रयासों को सराहें!

इस मल्टीमीडिया के युग में, विचारों के विज्ञापन के इस दौर में, समाज के लोगों को अपने अनुभव साझा करने में ही भलाई और उचित जान पड़ता है। मैं अपनी 62 वर्ष की जीवन यात्रा में हूँ और दुनियादारी से मुकाबला करते हुए मुझे 42 वर्ष बीत चुके हैं। पढ़ाई-लिखाई, नौकरी-चाकरी, यश-अपयश और मान-अपमान की जंग के जो अनुभव रहे हैं, वह मैं आप लोगों को बताना चाहता हूँ। इसका कारण यह नहीं है कि आप लोग जानते या समझते नहीं हैं, या आप लोगों ने मेरे से कम या ज्यादा संघर्ष नहीं किए हैं। सभी ने संघर्ष किए हैं और सभी स्टेटस, हैसियत, प्रतिभा, धन और वैभव रखते हैं। जो लोग अभी इस स्थिति में नहीं हैं, लोकतंत्र में वे भी इतना तो जान गए हैं कि उनका हित-अनहित कहाँ है। वे भी छोटे-बड़े प्रयासों से अपने परिवार और यथासंभव समाज विकास में योगदान देते आए हैं। हमें अफसोस है कि अपने अनुभव के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि हमारा समाज अन्य समाजों की तुलना में अपने ही लोगों से ज्यादा ईर्ष्या रखता है। कम शिक्षा या व्यावहारिक ज्ञान की कमी के कारण कुछ लोग अपने महत्व प्रदर्शन में एक 'हीनता की भावना' का शिकार हैं। वे अपने लोगों को साथ लेकर चलने के बजाय केवल स्वयं के प्रदर्शन में लगे रहते हैं। समाजसेवा के नाम पर झूठे मंचों और गुटबाजी का बोलबाला है। राजनीतिक पहचान के लिए चाटुकारिता का सहारा लिया जाता रहा है। अभी तक समाज में अपनी कमियों को स्वीकार करने की हिम्मत या नम्रता नहीं आई है। आज इस निर्णायक समय पर मैं आप सबको इतना ही संदेश देना चाहता हूँ कि एक-दूसरे को समझें और उनके छोटे-बड़े प्रयासों को सराहें। 'हम नहीं आएँगे तो देखें आप कैसे करेंगे' या 'हमने इतना किया है' वाला अहं भाव समाज सेवा के मार्ग में बाधा है। झूठे मानकों और झूठे सिद्धांतों से समाज सेवा का कोई वास्ता नहीं है। सभी समाज सेवकों से मेरा आग्रह है कि आप सब सामयिक विषयों विशेषकर शिक्षा पर काम करें, जनपदों में गोष्ठियां आयोजित करें, पुस्तकालय और छात्रावास बनवाएं। यह कार्य न केवल पाल, बघेल, गडरिया समाज के लिए, बल्कि अन्य पिछड़ों, शोषितों और दलितों की सेवा में भी सहायक होगा।



–जगदीश प्रसाद पाल, उन्नाव
मो. 9794866822

# बोर्ड परीक्षा के समय योग, प्राणायाम और ध्यान को अपनाएं!

बोर्ड परीक्षा केवल प्रश्नपत्रों की परीक्षा नहीं होती, यह विद्यार्थियों के मन, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। जैसे-जैसे परीक्षा नजदीक आती है, वैसे-वैसे बच्चों के चेहरे से मुस्कान गायब होने लगती है, नींद कम हो जाती है, मन हर समय डर और आशंका से भरा रहता है- 'अगर नंबर कम आ गए तो क्या होगा?', 'अगर पेपर खराब हो गया तो?', 'सब मुझसे आगे निकल गए तो?'– ऐसे विचार धीरे-धीरे बच्चे के मन पर हावी होने लगते हैं। यही स्थिति आगे चलकर तनाव, घबराहट, अवसाद और कई शारीरिक समस्याओं का कारण बनती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो परीक्षा के डर की स्थिति में बच्चे का मस्तिष्क लगातार फाइट या फ्लाइट मोड में चला जाता है। इस अवस्था में शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनेलिन जैसे तनाव हार्मोन अधिक मात्रा में निकलने लगते हैं। इन हार्मोन का सीधा प्रभाव बच्चे की याददाश्त, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता पर पड़ता है। यही कारण है कि कई बार बच्चा घर पर सब कुछ याद होने के बावजूद परीक्षा कक्ष में जाकर भूल जाता है। दरअसल यह भूलना नहीं होता, बल्कि तनाव के कारण मस्तिष्क का सही ढंग से कार्य न कर पाना होता है। आज की शिक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ी समस्या यह है कि परीक्षा को सफलता या असफलता का अंतिम पैमाना मान लिया गया है। बच्चा यह मानने लगता है कि उसके पूरे जीवन का मूल्यांकन कुछ घंटों की परीक्षा से हो जाएगा। यही सोच धीरे-धीरे उसके आत्मविश्वास को कमजोर करती है। लगातार बना रहने वाला मानसिक दबाव सिरदर्द, पेट दर्द, उल्टी, भूख न लगना, नींद न आना, चिड़चिड़ापन और कई बार गंभीर मानसिक रोगों को जन्म देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी यह मानता है कि लंबे समय तक रहने वाला तनाव बच्चों के मानसिक विकास में बाधा बन सकता है। ऐसे समय में योग, प्राणायाम और ध्यान केवल परंपरागत अभ्यास नहीं रह जाते, बल्कि यह एक वैज्ञानिक उपचार पद्धति के रूप में सामने आते हैं। योग शरीर और मस्तिष्क के बीच संतुलन स्थापित करता है। जब बच्चा नियमित रूप से योगासन करता है, तो उसकी रीढ़ सीधी होती है, श्वसन प्रणाली बेहतर होती है और मस्तिष्क तक ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है। इससे मस्तिष्क के वे हिस्से सक्रिय होते हैं जो एकाग्रता और स्मरण शक्ति से जुड़े होते हैं। प्राणायाम का प्रभाव इससे भी गहरा होता है। जब बच्चा अनुलोम-विलोम या गहरी श्वास-प्रश्वास करता है, तो मस्तिष्क के दोनों हिस्सों–तार्किक और भावनात्मक–के बीच संतुलन बनता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नाड़ीशोधन और भ्रामरी प्राणायाम से पैरासिंफेथेटिक तंत्रिका तंत्र सक्रिय होता है, जो शरीर को शांत अवस्था में लाता है। इससे हृदय गति नियंत्रित होती है, रक्तचाप संतुलित रहता है और मन स्थिर होने लगता है। भ्रामरी और नाड़ी शोधन प्राणायाम विशेष रूप से परीक्षा भय और घबराहट को कम करने में सहायक माना गया है, क्योंकि इससे मस्तिष्क में शांति से जुड़े रसायनों का स्राव बढ़ता है। ध्यान का महत्व परीक्षा काल में और भी अधिक हो जाता है। ध्यान के समय मस्तिष्क में अल्फा मस्तिष्क तरंगें उत्पन्न होती हैं, जो गहन एकाग्रता और मानसिक स्थिरता से जुड़ी होती हैं। नियमित ध्यान करने वाला बच्चा नकारात्मक विचारों से जल्दी बाहर निकल पाता है। उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और वह परिस्थितियों को अधिक सकारात्मक दृष्टि से देखने लगता है। कई अंतरराष्ट्रीय शोध यह सिद्ध कर चुके हैं कि ध्यान करने वाले विद्यार्थियों में तनाव का स्तर कम होता है और परीक्षा प्रदर्शन बेहतर होता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि न्यूरो-साइंस आधारित मानसिक प्रशिक्षण है। परीक्षा के समय कुछ महत्वपूर्ण योगिक अभ्यास जिसमें ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन यह अभ्यास रीढ़ को सीधा रखते हैं, मस्तिष्क में ऑक्सीजन सप्लाई बढ़ाते हैं, नाड़ी शोधन प्राणायाम मस्तिष्क के दोनों भागों में संतुलन, याददाश्त और एकाग्रता बढ़ाता है, भ्रामरी प्राणायाम चिंता और डर को कम करता है, दिल की धड़कन को नियंत्रित करता है, शवासन और योगनिद्रा ध्यान करने से अल्फा मस्तिष्क तरंगें सक्रिय होती हैं, नकारात्मक विचार कम होते हैं, आत्मविश्वास बढ़ता है । हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार नियमित ध्यान से तनाव में 40% तक कमी देखी गई। परीक्षा से पूर्व योग अभ्यास में 1 मिनट, गहरी श्वास-प्रश्वास 2 मिनट, अनुलोम-विलोम 1 मिनट, भ्रामरी 1 मिनट करना चाहिए। सकारात्मक संकल्प 'मैं शांत हूँ, मैं सक्षम हूँ, मैं सफल हूँ', परीक्षा जीवन का मूल्यांकन नहीं, बल्कि ज्ञान की अभिव्यक्ति है। योग, प्राणायाम, ध्यान, व्यवस्थित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, संतुलित और सात्विक आहारचर्या के माध्यम से विद्यार्थी न केवल परीक्षा का सामना आत्मविश्वास से कर सकते हैं, बल्कि जीवनभर के लिए मानसिक संतुलन और स्वास्थ्य भी पा सकते हैं। यह भी समझना आवश्यक है कि बच्चों को अनजाने में कहे गए वाक्य–'पड़ोसी के बच्चे ने इतना स्कोर किया', 'इस बार तो अच्छे नंबर लाने ही होंगे'–बच्चे के मन पर गहरा असर डालते हैं। जबकि आवश्यकता इस बात की है कि बच्चे को यह महसूस कराया जाए कि उसकी मेहनत, उसका प्रयास सबसे महत्वपूर्ण है, केवल अंक नहीं। यदि परीक्षा के समय बच्चों को रोज कुछ समय योग, प्राणायाम और ध्यान के लिए दिया जाए, यदि उन्हें यह समझाया जाए कि परीक्षा डरने की चीज नहीं बल्कि अपने ज्ञान को व्यक्त करने का माध्यम है, तो निश्चित रूप से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। ऐसा बच्चा न केवल परीक्षा बेहतर ढंग से दे पाएगा, बल्कि जीवन की हर चुनौती का सामना भी आत्मविश्वास से कर सकेगा। अंततः यह कहा जा सकता है कि स्वस्थ मन के बिना स्वस्थ भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। बोर्ड परीक्षा के समय योग, प्राणायाम और ध्यान को अपनाना कोई अतिरिक्त कार्य नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक आवश्यक कदम है।



–योगाचार्य महेश पाल
विमुक्त घुमक्कड़ अर्ध घुमक्कड़ महासंघ प्रदेश प्रवक्ता, भोपाल संभाग प्रभारी, खेलो इंडिया जज, 21000 सूर्य नमस्कार के लिए पुरस्कृत
मो. 7354849540

**मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं–**

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
   142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   ग्राम–घाट, डॉ0–पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलजंरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर–6–1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
   निवास : बी–228, सेक्टर–1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   प्रतिष्ठानः कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली–6
   निवासः 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती, मेरठ कैंट।
   निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
   दुकानः पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
   निवासः ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

## निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें–

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
   सी–10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
   ग्राम–घाट, डा0–पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   ए–20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
   721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद। **वाराणसी में**
   कार्यालयः 40–ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
   383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
   फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
   कनॉट प्लेस, दिल्ली–110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
   पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली–110053,
   मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
   चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
   टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

## हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
7. **लखनऊ में** श्री पी.के. सिंह पाल मो. 9839423719, श्री बिंदेश्वरी प्रसाद पाल मो. 9450503655
8. **सोनीपत (हरियाणा) में** श्री फत्ते सिंह पाल मो. 8816867995
9. **भोपाल में** श्री नर्मदा प्रसाद पाल मो. 9993090768
10. **भागलपुर में** श्री मनमोहन लाल पाल मो. 8004924005
11. **जौनपुर में** श्री नीलम विकास पाल मो. 8957422574
12. **हरदोई में** श्री अमित सिंह पाल मो. 8887655467
13. **इटावा में** श्रीमती विनीता पाल मो. 9891741859
14. **औरैया में** श्री मनीष पाल मो. 9758562193
15. **ललितपुर में** श्री इन्द्रपाल सिंह मो. 9695037944, 9793791944, श्री रामेश्वर पाल सिमिरिया मो. 9889577860
16. **इंदौर में** श्री दिनेश पाल मो. 8889363636
17. **जबलपुर में** श्री अनिल धनगर मो. 9165202780
18. **फरीदाबाद में** श्री देवेन्द्र कुमार होलकर मो. 9910813294
19. **फर्रुखाबाद में** श्री आवेश पाल मो. 8887698240, 9956966596
20. **मुजफ्फरनगर में** श्री शरद पाल उर्फ अभिषेक मो. 9690501498
21. **कन्नौज में** श्री राघवेन्द्र कुमार पाल मो. 708583085
22. **शाहजहाँपुर में** श्री के.पी. सिंह मो. 8840196328
23. **कौशाम्बी में** श्री श्याम कुमार पाल मो. 9621055595
24. **पलवल में** श्री नरेश कुमार बघेल मो. 8053024093, प्रोफेसर (इंजी.) भजनलाल हंस बघेल मो. 9588523484
25. **मऊ में** श्री हरिश्चंद पाल मो. 9454728541
26. **फिरोजाबाद में** श्री अनूप कुमार बघेल मो. 9557673320
27. **बिजनौर में** श्री ब्रजपाल धनगर पत्रकार मो. 9927622327, 8840524330
28. **मथुरा में** श्री संजय धनगर मो. 9412661310
29. **अयोध्या में** श्री अंजनी कुमार पाल मो. 9839500920
30. **ठाणे में** श्री अनुराग राजनरायन पाल मो. 8898985378
31. **हापुड़ में** श्री संजय पाल धनगर मो. 8868894986, 9811410592
32. **छतरपुर में** श्री रूपेन्द्र पाल मो. 9977727589, 9926102284
33. **आगरा में** श्री हरिओम बघेल (बग्गी) मो. 9411258358
34. **वाराणसी में** श्री इन्द्रदेव पाल मो. 8574027460
35. **उज्जैन में** श्री नरेन्द्र पाल मो. 9074404421
36. **देवरिया में** श्री सूरज प्रसाद पाल मो. 9415384697
37. **उन्नाव में** श्री आदर्श पाल मो. 7303226614
38. **मुरादाबाद में** श्री प्रदीप कुमार सिंह पाल मो. 9917558093,
39. **प्रतापगढ़ में** श्री धर्मेन्द्र कुमार पाल मो. 9919077729, 9621073200
40. **गोडा में** श्री मुखराम पाल मो. 9455453381, 9457341699
41. **भदोही में** श्री रवि प्रकाश पाल मो. 9451013781, 6394188797
42. **सीतापुर में** श्री आदित्य प्रकाश पाल मो. 9695207197
43. **पुणे में** श्री रणवीर सिंह बघेल मो. 9423245315
44. **बीकानेर में** श्री देवेन्द्र पाल सिंह मो. 9950564478
45. **प्रयागराज में** डॉ. कुमार रमेश मो. 8887957618
46. **लुधियाना में** डॉ. साधू राम पाल मो. 9888100609
47. **फिरोजाबाद में** श्री पहुंची लाल धनगर मो. 8755812543
48. **हाथरस में** श्री लाखन सिंह बघेल मो.9811748774
49. **चित्रकूट में** श्री शत्रुघन प्रताप पाल मो. 7991440776

## मैं धरा हूँ सबको धरा हूँ!

**(मधुगीति 260202 A) सायं**

मैं धरा हूँ सबको धरा हूँ,
धारा हूँ सबको बहा हूँ;
ज्वाला हूँ जला के लौ दिया हूँ,
वायु हूँ सबको प्राण दिया हूँ!
नभ हूँ सबको समाया हूँ,
चित्त हूँ सबको चलाया हूँ;
अहं हूँ सबको संजोये हूँ;
महत हूँ सबको स्वयं में साधे हूँ!
प्रकृति की कृतियों को समझता हूँ,
सत रज तम के सुरों को लय देता हूँ;
सगुण के चरणों में रमता हूँ,
निर्गुण का अनन्त उर देखता हूँ!
मैं अपना भी कहाँ सबका हूँ,
सब अलग भी कहाँ मेरे हैं;
कोई किसी का कहाँ उसका है,
वह भी अपना कहाँ हमारा है!
मैं जो हूँ उसी में पसरा पैठा हूँ,
उसी के आकर्षण में
कण बना बैठा हूँ;
'मधु' के गणों की
गतिविधि देखता हूँ,
उनके आत्मीय
अंतरिक्ष में उसकी
वाणी सुनता हूँ!



**-गोपाल बघेल 'मधु'**
टोरोंटो, ओन्टारियो, कनाडा
www.GopalBaghelMadhu.com

